प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- गृह मंत्री अमित शाह ने किसानों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का किया आग्रह, कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान में किसानों की भूमिका सबसे अहम।
- बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आज पटना में झामुमो और राजद के बीच होगी बैठक, झामुमो बिहार के सीमावर्ती जिलों की 12 सीटों पर करेगा दावेदारी।
- जमशेदपुर में झामुमो का 'जीत संकल्प सम्मेलन' हुआ आयोजित, मंत्रियों और नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का किया आह्वान।
- मौसम विभाग ने आज रांची समेत 11 जिलों के लिए जारी किया येलो अलर्ट, बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।
- महिला क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर दर्ज की शानदार जीत, क्रांति गौड़ बनीं प्लेयर ऑफ द मैच।

****

गृह मंत्री अमित शाह ने किसानों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का पालन करने का आग्रह किया है। वे महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में पद्मश्री डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल और पद्म भूषण डॉ. बालासाहेब विट्ठलराव विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण करने के बाद बोल रहे थे।

****

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच आज पटना में अहम बैठक होने जा रही है। झामुमो अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बातचीत के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और महासचिव विनोद पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी है। झामुमो इस बार बिहार के सीमावर्ती जिलों में 12 सीटों की मांग करेगा, जिनमें तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका और अन्य सीटें शामिल हैं। 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो ने राजद को 7 सीटें दी थीं, जिनमें से राजद ने 4 पर जीत हासिल की थी।

****

जमशेदपुर के घाटशिला में झामुमो का 'जीत संकल्प सम्मेलन' आयोजित हुआ, जिसमें मंत्री सुदीब्य कुमार सोनू और दीपक विरुवा ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुणाल षड़ंगी ने स्व. रामदास सोरेन को याद किया, वहीं सांसद जोबा मांझी ने इसे झूठ और छल के खिलाफ लड़ाई बताया। कार्यक्रम के अंत में स्व. रामदास सोरेन के पुत्र ने पिता के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया और कहा कि घाटशिला को एजुकेशन हब बनाना उनका लक्ष्य रहेगा।

****

घाटशिला के तामुकपाल गांव पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और प्रशासनिक रवैए पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए जिला प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया।

****

नागर विमानन महानिदेशालय– डीजीसीए ने त्यौहारों के मौसम से पहले हवाई किरायों के रुझानों की समीक्षा की है। नागरिक विमानन मंत्रालय ने डीजीसीए को त्योहारों के दौरान हवाई किरायों पर नज़र रखने और कीमतों में उछाल की स्थिति में उचित कदम उठाने और अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने का निर्देश दिया है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****

जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गो को फायदा हो रहा है। आज हमारी संवाददाता पश्चिम बंगाल में उन जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी दे रही हैं जिसके माध्यम से विभिन्न उद्योग सशक्त हो रहे हैं।

****

पाकुड के ग्रामीण इलाकों में बीपीएल परिवारों से जुड़ी महिला पुरुषों को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगारोन्मुखी बनाने में आरसेटी मददगार साबित हो रहा है।

****

हजारीबाग जिले में एनटीपीसी एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने "स्वस्थ नारी–स्वस्थ परिवार" के तहत "मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर इनिशिएटिव" की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम का मकसद परियोजना प्रभावित परिवारों और आसपास के गांवों की महिलाओं को गर्भावस्था पूर्व देखभाल और उपचार उपलब्ध कराना है।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, बोकारो, धनबाद, खूंटी समेत राज्य के 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है, जबकि कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

****

महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हरा दिया है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में कल भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 247 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 159 रन पर आल आउट हो गई। भारत के लिए क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन–तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो सफलताएं मिलीं। क्रांति गौड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

****

अख़बारों की सुर्खियां–

राज्य से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने महिला विश्व कप में भारत की जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – महिला विश्व कप में पाकिस्तान को हमारी बेटियों ने भी धो डाला।

दैनिक जागरण लिखता है– राज्य के सभी सदर अस्पतालों में होगी कैंसर की निशुल्क जांच।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है – दार्जिलिंग में भारी बारिश– भूस्खलन से 20 लोगों की मौत, दो हजार पर्यटक फंसे।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– राज्य की प्रमुख शहरी सड़कें एनएच की तर्ज पर होंगी विकसित।

****